# छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लक्ष्मी व प्रदीप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित

छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय, हिसार की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। (नांदवाल)

हिसार, 27 फरवरी (नांदवाल): छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय की 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आज संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जाट शिक्षण संस्थानों के प्रधान दिलदार पूनिया रहे। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) पूर्णिमा लोहान ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित मेहमानों का स्वागत किया तथा समारोह में उपस्थित होने पर कृतज्ञता ज्ञापित की। दिलदार पूनिया ने खेलों के प्रति छात्रों के रुझान की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'तन स्वस्थ होगा तभी मन स्वस्थ होगा। तन, मन दोनों स्वस्थ होंगे तभी भविष्य उज्जवल होगा इसलिए खेल तन, मन दोनों को स्वस्थ करने में सहायक हैं। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य रणधीर सिंह मलिक, पूर्व प्राध्यापक जे. सी. नूनिया, गुलाब सिंह, कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप नयन, प्रदीप लांबा व सुनील सिवाच बुडाना की उपस्थिति भी रही। इसके उपरांत विजेता प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के महिला वर्ग में लक्ष्मी व पुरुष वर्ग में प्रदीप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए।

## प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं :

100 मीटर दौड़ (पुरुष) में मनोज प्रथम, प्रदीप द्वितीय, कपिल तृतीय। 100 मीटर दौड़ (महिला) में लक्ष्मी प्रथम, सोनिका द्वितीय, करिश्मा तृतीय। गोला फेंक (महिला) में करिश्मा प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय और सर्वेश तृतीय। गोला फेक (पुरुष) में प्रदीप प्रथम, सावन द्वितीय, कपिल तृतीय। ऊंची कूद (पुरुष) में प्रदीप प्रथम, मनोज द्वितीय, आशीष तृतीय। ऊंची कूद (महिला) सुषमा प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय, राधा तृतीय। भाला फेंक (पुरुष) मनदीप प्रथम, विकास द्वितीय, सावन तृतीय तथा भाला फेंक (महिला) में लक्ष्मी प्रथम, जरीना द्वितीय, प्रमिला तृतीय स्थान पर रही।

# छाजू राम शिक्षण महाविद्यालय, हिसार की 46वीं खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 27 फरवरी :** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय राजगढ़ रोड हिसार की 40वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का प्रारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह धुंधवाल सदस्य, जिला परिषद हिसार, कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हिसार रहे। सभी छात्रों में मार्च पास्ट किया तथा मुख्य अतिथि ने सलामी ली। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ) पूर्णिमा लोहान ने सभी मेहमानों का स्वागत किया व मुख्य अतिथि का परिचय करवाया। मुख्य अतिथि ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आशीर्वाद दिया। इसके उपरांत महाविद्यालय का ध्वजारोहण हुआ और छात्रों ने अनुशासन और खेल भावना की शपथ ली। मंच संचालन डॉक्टर शालिनी गुप्ता ने बहुत ही सुरुचि पूर्ण किया। श्री प्रेम सुख जी ने छात्रों को खेल संबंधी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य श्री रणधीर सिंह मलिक, डॉक्टर राजेश छाबड़ा पूर्व प्राध्यापक, लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण काजल, जाट कॉलेज प्राचार्य श्री सुरेंद्र बाजिया, पब्लिक स्कूल प्राचार्य सुषमा गोदारा जाट शिक्षण संस्था के प्रधान श्री दिलदार पूनिया, सचिव श्री परविंदर मलिक, कोषाध्यक्ष श्री सागर सिवाच कार्यकारिणी सदस्य श्री अमरीक सिंह, हर्ष बामल आदि उपस्थित रहे। इस खेल कूद प्रतियोगिता में सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।